Title: Need to accord sanction to the proposal of the Government of Madhya Pradesh for linking of Narmada, Kshipra, Kalisindh and Chambal rivers.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का मालवांचल पिछले अनेक वार्ों से सूखे की चपेट में आने के कारण मरुस्थल बनता जा रहा है। देश में वाटर लेवल नीचे जाने के साथ-साथ इस मालवांचल में वाटर लेवल अत्यधिक नीचे जा रहा है। इस क्षेत्र की क्षिप्रा, कालीसिंध, चम्बल आदि प्रमुख नदियों में पानी नहीं रहता है। ये नदियां सूखी पड़ी रहती हैं। कारणवश इस क्षेत्र के किसान और नागरिक पानी के अभाव में परेशान हो रहे हैं। इस समस्या के निदान के लिए सन् 1991-92 से मध्य प्रदेश शासन ने नर्मदा का पानी क्षिप्रा, कालीसिंध और चम्बल नदीं में मिलाने हेतु एक योजना बनाने की कार्यवाही की है। मुझे मध्य प्रदेश शासन के सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त नर्मदा, क्षिप्रा, कालीसिंध, चम्बल नदी जोड़ो योजना का प्रस्ताव राज्य सरकार ने स्वीकृति हेतु केन्द्र सरकार के पास भेजा है। यदि यह सही है तो मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस योजना को स्वीकृति प्रदान करें। यदि केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश शासन से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है तो राज्य सरकार से प्रस्ताव मगवाकर स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।